2 फरीदाबाद
लापरवाही या भ्रष्टाचार : सरकारी जमीनों पर कब्जे करवाने का जिम्मेदार कौन?

6 अभिमत
समाज सुधारक महात्मा फुले

9 देश/विदेश
कांग्रेस ने भारतीय राजनीति में सबसे ज्यादा विश्वसनीयता का संकट पैदा किया

11 सौंदर्य
आंतों में मौजूद बैक्टीरिया से कैंसर का खतरा

RNI NO. HARHIN/201

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए You Tube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



भारतीय हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से मात दी
पेज - 12

# अग्रवाल कॉलेज ने लिया एक्सपो में भाग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**29 नवंबर 2022** को सेंटर फॉर काउंसलिंग, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट, अर्थशास्त्र विभाग और प्रबंधन विभाग, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के तत्वावधान में वाईएमसीए, नई दिल्ली द्वारा आयोजित एमबीए एक्सपो में भाग लिया। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्ग दर्शन में महाविद्यालय ऐसे आयोजनों में भाग लेता रहता है।

डॉ संजीव कुमार गुप्ता, निदेशक सीसीटीपी और डॉ शिल्पा गोयल, संयोजक सीसीटीपी के साथ समन्वयक प्रसून शर्मा और रश्मि ने पूरे आयोजन को आकार दिया और छात्रों को इस अदुभुत अवसर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रसून शर्मा एवं रश्मि सहित अर्थशास्त्र विभाग एवं प्रबंधन विभाग के 50 विद्यार्थी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। अरुण के मार्गदर्शन में छात्र समूहों में इकट्ठे हुए और पंजीकरण डेस्क पर अपना पंजीकरण कराया। आयोजन टीम से नितिन और श्री राहुल छात्रों को विभिन्न बी–स्कूलों के विभिन्न काउंटरों पर ले गए और उनके द्वारा दी जाने वाली प्रवेश प्रक्रिया और प्लेसमेंट के बारे में विस्तार से बताया। छात्र पूरी दिल चस्पी ले रहे थे और इन बी–स्कूलों से संबंधित कई सवाल पूछे। मेजबान द्वारा दोपहर का भोजन प्रदान किया गया। छात्रों को भागीदारी प्रमाण पत्र के वितरण के साथ यात्रा का समापन हुआ। आयोजकों द्वारा परिवहन सुविधाओं की अच्छी व्यवस्था की गई थी। यह दौरा एक बड़ी सफलता थी क्योंकि हमारे छात्रों को विभिन्न प्रतिष्ठित बी–स्कूलों की प्रवेश प्रक्रियाओं के बारे में गहराई से जानकारी मिली।



**एक्सपो में भाग लेते अग्रवाल कॉलेज के विद्यार्थी।**